# केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
# मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
# जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 17/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में "स्वच्छता ही सेवा अभियान (SHS-2024)" का विधिवत शुभारम्भ मुख्यालय तथा इसकी परियोजनाओं में स्वच्छता शपथ के साथ हो गया है। यह अभियान दिनांक 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज तथा इसकी सभी परियोजनाओं में इस दौरान वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, जिसके अंतर्गत कोर मुख्यालय के कार्यालय/परिसर एवं रेलवे कॉलोनियों में श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

"स्वच्छता ही सेवा अभियान (SHS-**2024**)" का आगाज दिनांक 17/09/2024 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/कोर, श्री यतेंद्र कुमार, द्वारा स्वच्छता शपथ से किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेल कर्मियों तथा जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि स्वच्छता को बनाये रखने में वे सहयोग प्रदान करें। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यालय परिसर, रेलवे आवासों तथा अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा निम्नवत है:-

दिनांक 19/09/2024 को स्वच्छ परिसर अभियान के तहत कोर कार्यालय एवं प्रांगण की वृहद साफ-सफाई की जाएगी।

दिनांक 21/09/2024 को वॉकथॉन एवं वृक्षारोपण किया जाएगा।

दिनांक 24/09/2024 को कर्मचारियों के बच्चों हेतु ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

दिनांक 25/09/2024 एवं 26/09/2024 को कोर के रेलवे कॉलोनियों की सफाई की जाएगी।

दिनांक 27/09/2024 से 29/09/2024 को स्वच्छ नीर अभियान के तहत कोर कार्यालय के ओवर हेड टैंक, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर यंत्र की विधिवत सफाई एवं पीने योग्य पानी के गुणवत्ता की जाँच की जाएगी।

दिनांक 30/09/2024 से 01/10/2024 को स्वच्छ प्रसाधन कार्यक्रम के तहत कोर कार्यालय, रेस्ट हाउस एवं क्लब के प्रसाधनों की सफाई, पानी की उपलब्धता, लीकेज टेस्ट एवं पानी के निकासी की जाँच की जाएगी।

(विमल कुमार)
जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज